

# भारत की जीत पर मना जश्न, छूटे पटाखे, नाचे युवा

## शहर के कई जगहों पर उत्साही युवाओं ने लगाई बड़ी स्क्रीन, मैच का आनंद लेने जुटी भीड़

नवभारत न्यूज

**सतना 8 मार्च, आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के फाइनल मैच को लेकर शहर के युवा पिछले दो दिनों से काफी उत्साहित नजर आ रहे थे. रविवार को जब मैच खेला गया तब उनका उत्साह सातवें आसमान पर था.**

भारती और न्यूजीलैण्ड के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गये फाइनल मैच में शुरु से ही भारत का पलड़ा भारी था. जैसे-जैसे मैच भारत की पकड़ में आता जा रहा था वैसे-वैसे लोगों का उत्साह बढ़ता जा रहा था. टास जीतने के बाद न्यूजीलैण्ड ने भारत को पहले बल्लेबाजी के लिये जब आमंत्रित किया तो दर्शक कुछ निराश हुए उन्हें ऐसा महसूस हो रहा था कि मैच फस सकता है लेकिन भारत के बल्लेबाजों ने अनोखी पारी खेलकर दर्शकों का मन जीत लिया शुरु के 6 ओव्हरों में 92 रन बना कर एक मजबूत शुरुआत दी बल्लेबाजों की आतिशी बल्लेबाजी जिसमें अभिषेक शर्मा और संजू सैमसम ने टी-20 के परंपरागत खेल को खेलकर दर्शकों को बांध दिया.





शहर की स्थिति यह थी कि शाम के बाद अवकाश होने के बावजूद सड़के सूनी थीं लोग घरों में दुबककर मैच का आनंद ले रहे थे. कुछ घरों में परीक्षा के दौरान हो रहे फाइनल मैच की वजह से बच्चों को अभिभावकों की नाराजगी का भी करना पड़ा.

शहर के मुख्य मार्ग रीवा रोड में दो स्थानों पंजाब नेशनल बैंक के पास एवं सीताराम पेट्रोल पंप के सामने बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर दर्शकों के मनोरंजन के लिये मैच देखने की व्यवस्था की गई थी. शहर के मुख्य हिस्से पन्नीलाल चौक में भी उत्साही युवाओं ने बड़ी स्क्रीन लगाई थी.

मैच जीतने के बाद सभी जगहों पर ढोल-ढमाकों के साथ लोग सड़क पर ही नाचने लगे. कई स्थानों पर उत्साही युवाओं ने पटाखे भी छुडाए.

संयोग था कि बहुत दिनों बाद भारत फाइनल मैच में पूरे समय विरोधी टीम से ऊपर ही खेलता रहा. इसके कारण जो लोग पूरा मैच देखने के आदी नहीं भी थे वे भी टीवी के सामने पूरे समय डटे रहे. भारत ने लगातार टी-20 में दूसरी जीत दर्ज की है.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

## जिला चिकित्सालय में उपचार जारी, चालक फरार

नवभारत न्यूज

**सतना 8 मार्च, मैहर के पास नेशनल हाईवे-30 पर रविवार सुबह एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में अमरपाटन निवासी विशाल कुचबदिया (32) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विशाल कुचबदिया शनिवार सुबह अपनी मोटरसाइकिल से रीवा से अमरपाटन लौट रहे थे। नेशनल हाईवे-30 पर पहुंचने पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि विशाल सड़क पर दूर जा गिरे। उन्हें सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने तत्काल घायल विशाल को संभाला और एक निजी वाहन से अमरपाटन सिविल अस्पताल पहुंचाया।

### अस्पताल में हालत स्थिर

सूचना मिलने पर पुलिस और घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। अमरपाटन सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने विशाल का प्राथमिक इलाज किया। हालांकि, उनकी हालत नाजुक होने और अत्यधिक खून बह जाने के कारण उन्हें तत्काल बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल का इलाज जारी है।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

**सतना 8 मार्च, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला महिला कांग्रेस कमेटी सतना ग्रामीण अध्यक्ष गीता सिंह परिहार के नेतृत्व में सतना सर्किट हाउस में कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओं का साल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया तथा समस्त मातृ शक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।**

कार्यक्रम के उपरांत केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के विरोध में महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गांधी चौराहे से शहीद स्मारक सिविल लाइन तक कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस ग्रामीण की जिला अध्यक्ष गीता सिंह परिहार, प्रदेश उपाध्यक्ष उर्मिला त्रिपाठी, प्रदेश सचिव प्रभा जित्तू बागरी, सेवा दल अध्यक्ष निशा सिंह, कमलेश सिंह, अनुशुईया सिंह, लक्ष्मी सोनी, उमा सिंह, शकुंतला सोनी, तारा, बिट्टि, रामरती, आशा, सुरतिया, मुन्नी, रामकुमारी, भूरी कोल, तुलसा दहिया, रामसखी कोरी सहित कांग्रेस की समस्त महिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाओं ने उपस्थित होकर कैंडल मार्च में भाग लिया.

# पत्नी की रजामंदी से पति की हत्या, दोनों आरोपी गिरफ्तार

## जैतवारा के कोठरा में हुई अंधी हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

नवभारत न्यूज

**सतना 8 मार्च. भला यह कैसे संभव है कि कोई व्यक्ति किसी की हत्या कर उसी की पत्नी को जानकारी दे, लेकिन इसके बावजूद भी पत्नी चुप्पी साधे रहे. जैतवारा के कोठरा में 3 दिन पहले हुई अंधी हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपी के साथ-साथ षणयंत्र में शामिल मृतक की पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया.**

हत्या के पीछे का कारण उधार में दिए हुए रुपए वापस मांगना और आरोपी का मृतक की पत्नी से बातचीत करना बताया गया. जैतवारा थाना प्रभारी अभिषेक



पाण्डेय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोठरा गांव के निवासी कौशलेंद्र सिंह का शव 5 मार्च को नदी में पुल के नीचे पाया गया था. मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए थे. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा न सिर्फ घटनास्थल और आस पास बारीकी से जांच की गई, बल्कि तकनीकी आधार पर भी विवेचना शुरु की गई. पुलिस की पड़ताल में एक पुरुष और एक महिला प्रमुख संदेही के तौर पर सामने आए. लिहाजा पुलिस ने दोनों को पकड़कर पूछताछ शुरु की. शुरुआत में तो दोनों ही पुलिस से बचने की कहानी सुनाते रहे. लेकिन जब तकनीकी और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को सामने रखते हुए पुलिस ने दोनों से अलग-अलग मनावैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की घटनाक्रम सामने आ गया. जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी संदीप पटेल पिता कुबेर उम्र 32 वर्ष निवासी बेलदान बिसण्डा बांदा के साथ-साथ मृतक कौशलेंद्र की पत्नी कुसुम सिंह उर्फ रीना सिंह उम्र 28 वर्ष को भी गिरफ्तार कर लिया. इसी कड़ी में घटना में प्रयुक्त पत्थर और मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई.

### अक्सर होता था झगड़ा

थाना प्रभारी के अनुसार कौशलेंद्र ने संदीप से कुछ रुपए उधार लिए थे. जिसे वापस मांगने पर कौशलेंद्र और संदीप के बीच अक्सर झगड़ा होता था. इसके साथ ही कौशलेंद्र की पत्नी कुसुम उर्फ रीना और संदीप के बीच काफी अंतरंग बातें हुआ करती थीं. अक्सर झगड़ा और रोड़ा बनता देख पत्नी ने पति को रास्ते से हटाने के लिए अपनी सहमति दे दी. कुसुम की सहमति मिलते ही संदीप ने कौशलेंद्र की हत्या करने की ठान ली.

### हत्या कर पुल से फेंका

पूछताछ के दौरान संदीप ने पुलिस को बताया कि कुसुम के सहयोग से षणयंत्र रचकर उसने कौशलेंद्र को रात में बुलाया. सिर पर पत्थर से गंभीर वार कर हत्या करने के बाद वह शव को घसीटते हुए नदी के पुल तक ले गया. जहां से उसने शव को नदी में फेंक दिया. इतना ही नहीं बल्कि घटना को अंजाम देने के बाद संदीप ने मृतक कौशलेंद्र की पत्नी कुसुम को सारी जानकारी भी दे दी. सुबह जहां कौशलेंद्र की हत्या की खबर फैलते ही क्षेत्र में सनाका खिंच गया, वहीं उसकी पत्नी ने सारे घटनाक्रम से अनजान होने की भूमिका निभानी शुरु कर दी.

# नकाबपोश का जानलेवा हमला निकली झूठी कहानी

## घर में अवैध कट्टा बनाने के दौरान युवक को लगी थी गोली

नवभारत न्यूज

**सतना 8 मार्च. किसी नकाबपोश व्यक्ति द्वारा घर में घुसकर वहां सो रहे युवक को नींद से जगाकर गोली मार दिए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आते ही मैहर जिले में हड़कंप मच गया था. लेकिन जब पुलिस द्वारा घायल युवक के घर की बारीकी से छानबीन की गई तो सच्चाई कुछ और ही निकली.**

युवक द्वारा चोरी छिपे घर के अंदर अवैध कट्टा बनाया जा रहा था और इसी दौरान हुए फायर के चलते उसे गोली लग गई थी. मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र अंतर्गत इटमा गांव के निवासी 20 वर्षीय युवक अभिषेक दाहिया को रात में गोली लग गई थी. घटना की



सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रीवा भेज दिया गया. हलांकि पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करने का प्रयास किया गया. लेकिन उस दौरान अंधेरा होने और रात अधिक हो जाने के कारण वह संभव नहीं हो सका. वहीं दूसरी ओर घायल युवक द्वारा यह बताया गया कि वह अपने कमरे में सो रहा थी. इसी दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांधे हुए वहां पहुंचा. अज्ञात व्यक्ति ने उसे नींद से जगाकर दरवाजा खुलवाया. दरवाजा खालते ही नकाबपोश ने उसे गोली मार दी और भाग निकला. लिहाजा पुलिस द्वारा अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की गई. लेकिन पुलिस की विवचेना में न तो युवक को गोली मारने का कोई कारण्ध सामने आया और नही किसी से उसकी दुश्मनी के बारे में जानकारी मिली. जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने ताला थाना प्रभारी महेंद्र मिश्रा को घटनास्थल की सघन जांच करने के निर्देश दिए. जिसके आधार पर जब पुलिस टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की तो घायल युवक के कमरे से पाइप, कारतूस, लाइटर सहित अवैध हथियार बनाने में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री बरामद हो गई. जिसके आधार पर घायल युवक के विरुद्ध आयुध अधिनियम 1959 की धारा 25 1 ए ए के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना शुरु कर दी गई.

### मां के डर से बनाई कहानी

गोली लगने से गंभीर तौर पर घायल युवक अभिषेक ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान में बताया कि वह अपने घर में पाइप में कारतूस डालकर उसे लाइटर से गर्म कर रहा था. तभी कारतूस अचानक फट गया और उसके कंधे के नीचे जा धंसा. जिसके चलते वह न सिर्फ बुरी तरह घायल हो गया बल्कि घबरा भी गया. अपने परिवार और विशेष रुप से मां के डर के कारण उसने अज्ञात नकाबपोश व्यक्ति द्वारा गोली मारने की झूठी कहानी सबके सामने रखनी शुरु कर दी.



### दिलों में जगह बनाने वाले लक्ष्मी यादव को सांसद ने किया स्मरण

**सतना 8 मार्च,** भाजपा के दिग्गज नेता स्वर्गीय लक्ष्मी यादव की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सतना सांसद गणेश सिंह ने उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व को याद किया। सांसद गणेश सिंह ने अपने संदेश में कहा कि वर्ष 1979 में कॉलेज के समय उनकी मुलाकात लक्ष्मी यादव से हुई थी। उस समय लक्ष्मी यादव छात्र नेता के रूप में सक्रिय थे और समाजवादी विचारधारा से जुड़े हुए थे। उन्होंने शरद यादव और रघु ठाकुर जैसे नेताओं के साथ रहकर राजनीतिक जीवन की शुरुआत की और धीरे-धीरे राजनीति में आगे बढ़ते गए।

## एक नजर में



### हार्डवेयर पेंटस एसोसिएशन ने खेली फूलों की होली

**सतना,** विंध्य क्षेत्र की अग्रणी व्यापारियों की संस्था हार्डवेयर पेंटस एसो द्वारा रविवार को सचिन पैलेस में सपरिवार होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन कैट के जिलाध्यक्ष मनोहर वाधवानी के मुख्य अतिथि एवं संस्थाध्यक्ष घनश्याम अच्छडा की उपस्थिति में मनाया गया। ऐसो के महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया कार्यक्रम की शुरुआत प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर की तत्पश्चात आए हुए अतिथियों का संस्था के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण का स्वागत किया।



### एग्रीकल्चर मर्चेंट एसोसिएशन का मना होली मिलन

**सतना,** सचिन पैलेस स्थित आर.के. रेसिडेंसी के सभागार में एग्रीकल्चर मर्चेंट एसोसिएशन का होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम संस्था अध्यक्ष रामचरण गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मार्गदर्शक विपुल हाण्डा, संजय अग्रवाल, महामंत्री जितेन्द्र अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्री रामलला के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद मंचासीन पदाधिकारियों का रोली-गुलाल से तिलक, माला और रंगीन होली टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिन गुप्ता ने किया, जबकि स्वागत भाषण संस्था अध्यक्ष रामचरण गुप्ता ने दिया।



### राज्यमंत्री ने रंगपंचमी पर रंगोत्सव का किया आयोजन

**सतना,** रंगपंचमी के पावन अवसर पर रविवार को नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के पतेरी करही मार्ग स्थित कार्यालय में रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शासन-प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा जिलेभर से आए नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी लोगों के साथ मिलकर रंगों के इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया।



# पतेरी कायस्थ परिवार का चित्रगुप्त पूजन एवं होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना 8 मार्च, पतेरी कायस्थ परिवार के अध्यक्ष डी सी श्रीवास्तव ने बताया कि एडवोकेट उपेन्द्र श्रीवास्तव पतेरी चौराहा स्थित निवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ प्रवीण श्रीवास्तव एवं सीनीयर डी सी सक्सेना की अध्यक्षता में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ।**

संचालन रेलवे के पायलेट पैपटेक सिटी के डी के सक्सेना के द्वारा किया गया रेलवे स्टेशन से रेल की आवाज भी सुनाई शेर शायरियो से कार्यक्रम को सजाया, सरस्वती वंदना दुर्वा निगम स्वागत गीत सुचेमा निगम सचिन श्रीवास्तव ने चित्रगुप्त महिमा की आरती को प्रस्तुत किया वहीं बच्चों ने एवं कुछ युगल जोड़ी ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुति दी प्रशासनिक अधिकारी सुशील खरे ने महिला पुरुषो की कुर्सी दौड़ करवाया जिसमें महिला प्रथम श्रीमती अमिता श्रीवास्तव द्वितीय श्रीमती सोनाली निगम पुरुष कुर्सी दौड़ में प्रथम अवधेश श्रीवास्तव द्वितीय सृजन निगम (वासु) कपल मैचिंग प्रथम राधिका एवं शालनी द्वितीय सोनाली एवं अमिता कत्थक नृत्य तनिष्का सक्सेना लगभग 58 परिवार लगभग 115 पतेरी कायस्थ परिवार सद्स्यों ने हर्षोल्लास पूर्वक होली मिलन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भगवान चित्रगुप्त पूजा किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित हुए श्री चन्द्र निगम, अनिल निगम, बालमुकुंद निगम, सुशील खरे, डी सी श्रीवास्तव शालिनी अनिल श्रीवास्तव, चांदनी श्रीवास्तव सचिन श्रीवास्तव, उमेश चंद्र श्रीवास्तव (बाबरा आश्रम) बृजेश निगम सैक्रेटरी जी, रामाधार निगम, सुशील खरे उमेश श्रीवास्तव अमौधा रोड अरुण श्रीवास्तव अमित निगम डॉ प्रदीप निगम, उपेन्द्र श्रीवास्तव आर सी श्रीवास्तव, उमाकांत श्रीवास्तव एडवोकेट अखिलेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### महिला दिवस पर वरिष्ठ पार्षद नम्रता ने दी शुभकामनाएं



**सतना 8 मार्च,** सतना शहर के नगर निगम के वार्ड नं. 25 की पार्षद नम्रता सिंह ने कहा कि 8 मार्च को बेशक महिला दिवस मनाया जाता है लेकिन महिला जो धर्म घर की बंदिश से लेकर समाज तक लेकर जाती है उसे मातृशक्ति कहते है। महिला दिवस नारी शक्ति और महिलाओं की उपलब्धियों को सलाम करने का है। महिला दिवस का दिन हमें नारी की हर छोटी-बड़ी लड़ाई को स मान देने और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है।

# भाजपा प्रवक्ता अतुल ने वरिष्ठ नेताओं का लिया आशीर्वाद

नवभारत न्यूज

**सतना 8 मार्च, भाजपा के नवनियुक्त मीडिया प्रभारी अतुल सिंह परिहार ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर संगठन द्वारा दी गई नई जिम्मेदारी के प्रति आभार प्रकट किया।**

गाड़ियों के काफिले एवं सैकड़ों समर्थकों के साथ मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे, महापौर योगेश ताम्रकार सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के आवास में पहुंच कर सभी नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया।



मंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे, महापौर योगेश ताम्रकार सहित सभी वरिष्ठ नेताओं ने अतुल सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने एवं पार्टी के अन्य नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों के अनरूप कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

# डॉ जैन को श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने याद किया

नवभारत न्यूज

**सतना 8 मार्च, अग्रवाल समाज नेत्र शिविर आयोजकों द्वारा पद्मश्री सम्मान से सम्मानित डा. बीके जैन के स्मृति रविवार 8 मार्च को श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन अमृत वाटिका में किया गया।**

सर्वप्रथम स्वामी रणछोड़ दास जी महाराज एवं बैकुंठवासी डॉक्टर बीके जैन के तस्वीर के समक्ष विशिष्ट अतिथि के रुप में पधारे भागवताचार्य पीयूष दास जी महराज, आयोजक गण घनश्याम दास गोयल, नरेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, चित्रकूट से पधारे जैन परिवार के भूपेंद्र जैन, भोगी भाई,




सुबीश कुंतल, भीषम शुक्ला ने दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर सभा का शुभारंभ किया। पूर्व में श्रीमती श्रेया कामदार द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम का संचालन प्रतीक अग्रवाल ने किया। सभा में वक्ताओं ने स्वर्गीय डॉक्टर जैन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनके द्वारा अंधत्व निवारण के क्षेत्र में अनुकरणीय सेवा कार्यों का स्मरण कर उन्हें नेत्र ज्योति का मसीहा निरूपित करते हुए अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पुष्पांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सांसद गणेश सिंह, पूर्व महापौर राजाराम त्रिपाठी, अग्रवाल सेवा संघ के संरक्षक अजय अग्रवाल, चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, मंत्री संदीप जैन, दिगंबर जैन समाज से राहुल जैन, संदीप जैन, सतना प्रिंटर्स संगठन के अध्यक्ष संजय शाह, श्वेतांबर जैन समाज से राजेश जैन, कीर्ति भाई कामदार, दिलीप कामदार, भारत विकास परिषद से शिवम भारतीय, पुरुषोत्तम अग्रवाल, जिला दवा संगठन के नितिन पारेख, आदि शामिल रहे.